अभी बम्बई की एक कहानी सामने आई है कि इस देश में कुछ गिरोह घूम रहे हैं, जो सड़क पर खेलती हुई लड़कियों को उठा कर ले जाते हैं, बम्बई में उन को घर में पालते हैं और नौजवान होने पर वे लड़कियां बाजार में बिक्री के लिए चली जाती हैं, जैसे हरियाणा से छोटे बछड़े को ले जाते हैं और बड़ा होने पर, उसको बेच देते हैं। इस प्रकार जिन लड़कियों का किडनेपिंग होता है, वे सब वेश्यालयों में चली जाती हैं।

देश में अब नये वेश्यालय बने हैं, क्या सरकार को उनका ज्ञान है? डिफेंस कालोनी, फ्रैंड्स कालोनी, बड़ी बड़ी पोश कालोनीज में लोगों ने बाकायदा मकान किराये पर लिए हुए हैं। वहां पर भले घरों की लड़कियों को बहका बहका कर लोग ले जाते हैं और वह लोग जो अपने को सो-काल्ड नेता, सो-काल्ड धनी या समाज के बड़े भारी अगुवा कहलाते हैं वह वहां जाते हैं। यह सब जानकारी पुलिस को है, पेपर्स में यह बात आ रही है। तो आप इन नये वेश्यालयों का क्या करेंगे? हिन्दुस्तान टाइम्स में एक बार काल-गर्ल्स के बारे में निकला। आप को जानकारी होगी काल-गर्ल्स के बारे में। कालेज की लड़कियां होती हैं, बाकायदा यह कहा जाता है कि विशेष फोन नम्बर पर उन को काल कीजिए और होटल में बुला लीजिए। वहां से बाकायदा संकेत मिलता है कि फलां रंग की साड़ी पहने होगी और उस की यह ड्रेस होगी। काल गर्ल का काम करने वाली उन लड़कियों से प्रेस रेप्रेजेन्टेटिव्ज ने बाकायदा इंटरव्यू लिया कि तुम को यह शौक क्यों है? कुछ ने कहा कि गरीबी के कारण वह ऐसा करती हैं। कालेज का खर्च अदा नहीं कर सकतीं, इसलिए वह काल गर्ल बनीं। कुछ ने कहा कि हम शौक से बनीं। हम बड़े घर की लड़कियां हैं, हमें पैसे की कमी नहीं, लेकिन हमें शौक है नये नये लड़कों से मिलने का। इस प्रकार से ये काल गर्ल्स वेश्याओं का कार्य कर रही हैं।

एक जानकारी और दे दूं आप को। बड़े बड़े होटलों में पैसे वाले जिन्होंने ब्लैक मार्केटिंग का पैसा जमा किया है, कमरे रिजर्व कर के रखते हैं और वहां पर ले जाते हैं लड़कियों को। हिन्दुस्तान टाइम्स में एक बार निकला था—सेकेंड वाइव्ज। मंत्री महोदय जानते हैं यह सेकेंड वाइव्ज कौन हैं? दिल्ली में सेकेंड वाइफ स्टेनों के नाम पर प्राइवेट सेक्रेटरी के नाम पर लोग रखे हुए हैं। बेचारी गरीब घरों की लड़कियां मजबूर हो कर चली जाती हैं ....

श्री भंडी लाल (बिजनौर) : त्यागी जी, गरीबों को अपमानित मत करो।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : यही हो रहा है। मैं यही कह रहा हूं कि मजबूरी में ये लड़कियां जा कर वहां काम करती हैं। .... (व्यवधान) ... जरा एक मिनट ठहरिए, मैंने जीवन निकाल दिया है इसी में।

मैं यह कहना चाहता हूं कि जो ये कारण हैं इन कारणों को दूर किए बिना सरकार इस दोष को खत्म नहीं कर सकती।

[श्री ओम प्रकाश त्यागी]

मेरे एक भाई ने अभी कहा कि लड़कियों की डाक्टरी होनी चाहिए। इस के मानी कि आप वेश्याओं को स्वीकार करें और फिर उन की डाक्टरी करें लेकिन जो वहां जाते हैं उन की डाक्टरी हो या नहीं हो? मैं एक बात आप से जानना चाहूंगा। अगर कोई लड़की वेश्या का काम करती हुई पकड़ी जाय तो कानूनन उस को दंड देने की बात आप ने कही है। लेकिन मैं देख नहीं पाया हूं, अगर कोई है तो बता दीजिएगा, जो लोग वहां वेश्याओं के पास जाते हैं उन के लिए विधान में कहीं कोई सजा है? मेरी जानकारी में उन के लिए कोई सजा नहीं है। जब तक आप जाने वाले को सजा नहीं देंगे, जो वहां जा कर हमारी बहनों के साथ नाजायज फायदा उठाते हैं, उन को सजा नहीं देंगे तब तक आप का कानून अधूरा है और लंगड़ा है। जिसे गरीबी के कारण या और सामाजिक कारणों से, इस आर्थिक ढांचे के कारण से अपना शरीर बेचना पड़ा उसी को सजा और उस ब्लैक मार्केटियर को नहीं जो वहां गया है? इस कानून में उस को डबल सजा होनी चाहिए ताकि वहां जाने वाला ही न रहे। न रहेगा बांस न बजेगा बांसुरी।

तीसरी बात कहना चाहता हूं, जो विदेशों में लड़कियां जा रही है और वहां पर जा कर बिक्री हो रही हैं वेश्याओं के नाम पर, जो वहां वेश्याओं का काम कर रही हैं, रखैल के रूप में रह रही हैं, उस पर विदेश मंत्रालय के साथ मिले कर प्रतिबंध लगाइए और जो लड़कियां जा चुकी हैं नौकरी के नाम पर उन के बारे में जांच कमीशन बिठाइए, उन की जांच कीजिए, उन से पूछिए कि आप के साथ क्या व्यवहार हो रहा है? वास्तव में नौकरी के लिए आई हैं या और कोई चीज है?

एक बात और कहूंगा। सामाजिक रेवोल्यूशन के लिए आप ने कानून तो बनाए हैं लेकिन हमारे यहां एक दहेज की प्रथा है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। नाम नहीं लूंगा। एक हमारी बहन यहीं दिल्ली में पथभ्रष्ट हो कर के एक आदमी के साथ भाग गई। दिल्ली में बड़ा हल्ला मचा क्यों कि दोनों अलग अलग धर्मों के थे। मैं ने उस बहन से जा कर पूछा कि बहन, तुम क्यों आ गई? उस ने कहा कि त्यागी जी, हिन्दू जाति ने मुझे ठोकर मार कर निकाल दिया है। मैं यहां आ गई हूं, यह तो अच्छा है, नहीं तो मैं वेश्यालय में भी जा सकती थी। उस ने बताया, मेरे बाप की तीन लड़कियां थीं। तीनों पढ़ी लिखी, एम ए पास, लेकिन जब शादी की बात आए तभी दहेज मांगा जाता था। देने को नहीं था। मेरी बड़ी बहन कुंवारी रह गई, छोटी कुंवारी रह गई। मैं ने सोच लिया कि मेरी भी शादी होगी नहीं, बाप बूढ़ा हो गया, तो मैं ने यह आदमी चुन लिया। मैं ने समझ लिया कि हिन्दू धर्म में मेरे लिए स्थान नहीं है, मैं विवश होकर चली गई। आपने दहेज प्रथा के खिलाफ कानून बनाया है लेकिन आपने उसको काग्निजेबल आफेन्स क्यों नहीं बनाया ताकि पुलिस ऐक्शन ले सके। जबतक जन्मगत जातियां बनी हुई हैं तब तक उन्हें अच्छे वर नहीं मिलेंगे। अन्तर्जातीय विवाह होने चाहिए। इस सम्बन्ध में आपने क्या कानून बनाया है? इसी तरह से बाल विवाह को रोकने के लिए क्या आपके पास कोई कानून है? आप नौकरियों के लिए प्रलोभन के रूप में और क्वालिफिकेशंस के साथ यह क्वालिफिकेशन भी जोड़ दीजिए कि जिसने अन्तर्जातीय विवाह किया होगा उसको सेलेक्ट किया जायेगा तो कुछ वर्षों के अन्दर ही जन्मगत जातियां अपने आप ही समाप्त हो जायेंगी। क्या आप इस बात के लिए तैयार हैं? राजस्थान में आज भी एक साथ सौ सौ बच्चों को गोद में बिठाकर शादियां की जा रही हैं। इसलिए मंत्रीजी को चाहिए कि वे ला-मिनिस्टर के साथ बैठकर इन बातों को काग्निजेबल आफेन्स बनायें और कुछ लोगों को जेल में भेजे। आज तक न तो कोई आदमी दहेज के नाम पर जेल गया और न बाल विवाह के लिए जेल भेजा गया। इसलिए जब तक यह सामाजिक कुरीतियां हैं तबतक इस समस्या का समाधान नहीं होगा।

मैं कहना चाहता हूं कि यदि आप वैश्यावृत्ति को रोकना चाहते हैं तो जिस प्रकार से आपने हरिजनों तथा आदिवासियों के लिए नौकरी में परसेंटेज रखा है उसी प्रकार से गरीब बहनों के लिए आप परसेंटेज निश्चित करें ताकि वे अपना शरीर बेचने के बजाये नौकरी करके अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। वैश्यावृत्ति को रोकने का यह सही तरीका है।

अन्त में मै आपको धन्यवाद देता हूं कि आप यहां पर यह बिल लाये और मुझे अपने दिल के विचारों को उपस्थित करने का अवसर दिया। मैं इस बिल की भावनाओं का समर्थन करता हूं पर मैं चाहता हूं कि आप पुन: सोच विचार कर तथा कारणों की जांच करके बाद में ऐसा विधेयक लायें जिससे कि वैश्यावृत्ति का कलंक इस देश से मिट सके। इन शब्दों के साथ मैं आपको पुन: धन्यवाद देता हूं।

डा० रामजी सिंह (भागलपुर): सभापति महोदया, मंत्री महोदय ने बताया है कि भारतवर्ष मे वैश्यावृति प्राचीन है। उन्होंने देवदासी प्रथा का भी वर्णन किया है। मुझे स्मरण है कि 1956 में जब यह विधेयक इसी महान सदन में विचार के लिए आया था तब उस समय के गृह मंत्री दातार साहब ने कहा था कि संविधान में भी पेशे का हक है इसलिए इसको रोका नहीं जा सकता है। लगता है कि जब कोई मंत्री बन जाते हैं तब वे इतिहास और संविधान की दुहाई देने लग जाते हैं। मैं यह बात बहुत कष्ट से कह रहा हूं, क्रोध से नहीं।

अभी आपने भारतीय संस्कृति का उल्लेख किया है। इस ऐक्ट का नाम है—सप्रेशन आफ इम्मारल ट्रेफिक ऐक्ट—यानी अंग्रेजी में सीता (SITA)।

सीता के सम्बन्ध में बाल्मीकि रामायण में है, रावन ने कहा था :

'पंच दास्य : सहस्रानि सदा स्थास्यति समुखे ।'

हे सीता, पांच हजार दासियां तुम्हारी चरण सेवा करेंगी, तुम हमारे सामने आ जाओ लेकिन उन्होंने स्वीकार नहीं किया था । यह बात तो रामायण काल की है ।

वैदिक युग में महाराज अश्वपति के यहां ऋषि आये लेकिन उन्होंने भोजन करना अस्वीकार कर दिया । अश्वपति जी को कहना पड़ा कि महाराज, मेरे राज्य में न कोई मद्यपी है, न कोई व्यभिचारी है और न कोई व्यभिचारिणी है :

मे स्तेती जनपदे न कदर्या न मद्यप : नाना-
हिताग्निर्नाविद्वान् स्वैरी स्वैरिणी कुत : ?

तब कहीं जाकर उन्होंने भोजन किया । आज हम यहां कहते हैं कि वैश्यावृत्ति बन्द नहीं हो सकती है । यह अपने आत्म-पराजय का द्योतक है । अभी हाल में हमारे प्रधान मंत्री जी ने, जो सचमुच में सात्विकता के प्रतीक हैं, 11 नवम्बर को कहा था--- PM promises all help to fight prostitution.

लगता है, शिक्षा मंत्री जी ने उन के उस वक्तव्य को नहीं देखा । उन्होंने कहा था---हमारे यहां तीन बीमारियां हैं---एक है "वैश्या-वृत्ति" दूसरी है---ड्रग (Drag) और तीसरी है---मद्य-पान । ये तीनों बीमारियां हमारे सामाजिक स्वास्थ्य को ध्वस्त कर रही हैं। जब तक इन तीनों को हम समाप्त नहीं करेंगे--भारतवर्ष में न कोई सात्विक राजनीति का प्रादुर्भाव हो सकता है और न धार्मिक अर्थ-शास्त्र का प्रादुर्भाव हो सकता है । इसी लिये उन्होंने अपने वक्तव्य में इन पर जोर दिया है ।

अभी हमारे त्यागी जी ने जिन विचारों को यहां प्रकट किया---मैं उन जैसा समाज सुधार का साधक तो नहीं हूं, लेकिन उन्होंने जो बातें कही हैं---वे बहुत महत्वपूर्ण हैं---

"Delhi graduate among four call girls held—the girls used to visit luxury restaurants where after picking up "customers" for Rs. 200 or so, each, they took them to guest houses for a "pleasure trip". One of the call girls who belongs to a well-to-do family of a Tis Hazari court official, told the police that she could be booked on telephone, too."

यह हिन्दुस्तान टाइम्ज कहता है और जैसा उन्होंने कहा---वह ठीक ही है कि सचमुच में गरीबी को ही बदनाम न किया जाय ।

यह आगरा का समाचार है---जो जनता सरकार के समय का है---

"40 call-girls held at Agra—The local police today claimed to have arrested about 40 call-girls after raiding nearly 15 different houses situated in posh localities and thickly populated areas."

दातार साहब जब इस विधेयक को पहली बार सदन में लाये, तब उन्होंने कहा था---"एक रेड में 140 छोटी बच्चियों का उद्धार किया गया।" उस समय की सदस्या श्रीमती सुभद्रा जोशी ने उन को धन्यबाद दिया था ।

सभापति महोदया, सचमुच में यह जो सवाल है, बहुत गहरा है, बहुत गंभीर है---इसी लिये मैं आप से प्रार्थना कर रहा हूं, आक्रोश में नहीं कह रहा हूं---कि इस अधकचरे विधेयक को थोड़ा ठीक कीजिये, इस को प्रवर समिति को भेजिये, ताकि वह पता लगा सके कि इस के क्या-क्या कारण हैं । आज जब हमारे प्रधान मंत्री जी कह रहे हैं कि सामाजिक स्वास्थ्य को बिगाड़ने का एक कारण वैश्यावृत्ति है, तो उस के लिये म जल्दबाजी में इस अधकचरे बिल को पास करें--- यह उचित नहीं है । अभी हमारे एक माननीय मित्र कह गये कि यह जनता सरकार है---मैं उन से कहना चाहता हूं कि यह अभिशाप तो जनता सरकार के पहले से चला आ रहा है, लेकिन यह देश तो अपना है---हम सब को मिल कर इन अभिशापों को दूर करना है ।

एक और समाचार है---

Export of Kerala girls—year 1969; Concern over sex racket in hotels—Indian girls for Arab flesh-pots—7-9-1970 Sex for sale—

इन समाचारों की ओर आप का ध्यान आकृष्ट करने का मेरा यही उद्देश्य है कि यह कितनी लज्जा की बात है---जिस देश में हम स्त्रियों का इस प्रकार से सम्मान करते हैं---

"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता ।"

वहां इस तरह की घटनायें हों, यह कितने दुख की बात है ।

मैं एक दो समाचार आम को और सुनाना चाहता हूं

Prostitution increasing—1972. Traffic-king in Adivasis girls—Indian Express 4-4-1971. call Attention in Lok Sabha.

इस पर काल-एटेन्शन भी आया था ।

Call to abolish system of licensed prostitution—Francois Pignier, President of the International Abolitionist Federation.

[डा० रामजी सिंह]

ये सारी बातें मैंने इस लिये कही हैं कि हमारे माननीय मंत्री जी इन पर बड़ी गंभीरता से विचार करें कि किन-किन कारणों से यह होती है। अभी उन्होंने कहा कि जो इन्टरनेशनल कन्वेन्शन हुई थी--उस में कहा गया था--इस के कारणों पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती हावल-टामस ने कहा—सचमुच में वैश्यावृत्ति के दो कारण हैं--एक तो बेरोजगारी और दूसरे छिपी हुई गरीबी। हम ऊपर से सूखी हंसी, नीलामी हंसी हंसते हैं, लेकिन भीतर का "गुह" गरीबी में पड़ा रहता है। Mrs. Howell Thomas (UK) criticised Street offences Act also.

और भी बहुत सारी बातें हैं। मि० इमाकू कीमूरा, जो जापान के हैं, उन्होंने कहा है कि जापान में जहां 1959 में 18,555 वेश्याएं थीं, वहां 1971 में उनको कम करके 5,073 कर दिया है। मुझे सुन कर बहुत अफसोस हुआ कि जब हमारे शिक्षा मंत्री जी ने यह कहा कि जिस निर्वाचन क्षेत्र से वे आते हैं वहां 40,000 वेश्याएं हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि जो वेश्यावृत्ति के खिलाफ विधेयक लावे, उनके निर्वाचन क्षेत्र में 40,000 वेश्याएं हैं लेकिन इसमें उनका दोष नहीं है। यह तो हमारी परम्परा का दोष है।

इसी तरह से मि० मार्सल मेकूट ने जो एमेच्योर प्रोस्टीट्यूशन हो रहा है, उसके बारे में बहुत लेमेंट किया है और त्यागी जी ने ठीक ही कहा है कि आज जो वेश्यावृत्ति हो रही है, उसके अनेक रूप हैं, जिस तरह से भगवान के अनेक रूप होते हैं। वेश्या तो उसको कहते हैं जो पैसे के लिए अपने शरीर को बेचती है लेकिन इसके अलावा "सोलीसिटिंग" भी है, जिसमें किसी आदमी को आकर्षित किया जाता है। श्री राजा राम शास्त्री ने बताया है—मैं उनके भाषण को देख रहा था—कि जब वे फ्राम में जा रहे थे, तो सड़कों के किनारे फ्राम में स्त्रियां आकर्षित कर रही थीं। इस तरह से यह सोलीसिटिंग भी चलता है। "एनटीसिंग" भी दलाल की सहायता से होता है। "ब्रोथल्स" की बात आपने कही है और इसको इस विधान के आर्टीकल 3(1) में पेनेल आफेंस किया है लेकिन "नाइट क्लब्स" को छोड़ दिया है। दिल्ली तो सचमुच में पाप की जननी है और यहां पर जो "नाइट क्लब्स" हैं, वहां पर "काल गर्ल्स" होती हैं और बड़े बड़े होटलों में काल गर्ल्स होती हैं। इसकी जांच होनी चाहिए और जब प्रवर समिति में यह विधेयक जाएगा, तो इन चीजों पर चर्चा होगी। "नारी निकेतन" में भी व्यभिचार के केन्द्र होते हैं। वहां जा कर भी देखने की आवश्यकता है कि क्या करना है और क्या होना चाहिए।.... (व्यवधान)....

इसी तरह से और भी बातें हैं जैसे "सिडयूसिंग गर्ल्स" और त्यागी जी ने भी "इम्मोटिंग वीमैन फार प्रोस्टीट्यूशन" की बात कही है हालांकि इसको पीनेल आफेंस क्लाज 5 में किया गया है।

एक चीज और है और वह यह है कि धर्म के नाम पर व्यभिचार हो रहा है। आचार्य रजनीश बहुत बड़े विद्वान हैं और हमारी तरह दर्शन के अध्यापक हैं। उन्होंने कहा "फ्री लव कम फ्री सैक्स"। मैं ने जो फोटो देखे हैं, उनको देखा है और अगर भारतवर्ष की सरकार उसको बर्दाश्त करती है, तो इस देश से नैतिकता खत्म हो जाएगी। धर्म के नाम पर भी सैक्स होता है और वे सैक्सुअल आर्गी करते हैं। तो ये सब चीजें होती हैं।

कुछ लोग कहते हैं कि रूस में भी ऐसा होता है। जी, नहीं। मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता हूं। हमारे लोगों ने जा कर इसके बारे में पूछा है। रूस की महिलाएं भी यूनेस्को में आई थीं। उनसे जब इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने यह कहा कि हमारे यहां इस तरह की समस्या नहीं है।

"I also discussed this mater with the lady member from Russia, but they all told me that they have no problem about prostitution."

श्री राजा राम शास्त्री ने यह भी कहा है कि चीन और रूस का उन्होंने भ्रमण किया था और वहां पर उन्होंने वेश्यावृत्ति नहीं पाई। अगर रूस और चीन इस तरह की बात कर सकते हैं तो भारत तो एक धर्म प्रधान देश है और नारी की प्रतिष्ठा करने वाला देश है, क्या वह इस बात को नहीं कर सकता? ऐसा सोचना कि यहां पर यह नहीं हो सकता, बहुत ग़लत बात है और इस पर बहुत गहराई से विचार करने की जरूरत है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस संबंध में जो एक एडवाइजरी कमेटी बनी थी, उस की रिपोर्ट को भी आप देखें।

Report of the Advisory on Social and Moral Hygiene इस की जो सिफारिशें हैं, उन को भी ध्यान में रखना चाहिए। उसमें कहा गया है:

"Supression of brotherls meant that the evil of prostitution had spread all over the cities, for, the inmates of the houses, which in the old days were located in certain recognised streets, had now set up their establishments in other parts of the city. Through this diffusion a new class of prostitutes had developed—undeclared, clandestine, on whom the police authorities could have no check".

इस को भी आप देखिये और पुलिस के अगर लड़कियों को पकड़ कर लाने के घंटे आप ने निर्धारित न किये तो कहीं ऐसा न हो कि रक्षक ही भक्षक बन जाएं। यह भी सोचने की बात है।

Encyclopaedia of Social Sciences says, in Vols. XI-XII, page 559:

"The city has not only concealed the supply but increased the demand. The breach of home ties and the anonymity of city life with its absence of the restraining check of neighbour's opinion, combined with low wages and loneliness, conduce to meretricious association rather than to marriage. Prostitution is not a disease of the social organisation; it is only a symptom of the disease"

उसी तरह से एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका में भी इसके बारे में चर्चा हुई है। इन सब बातों को बहुत गहराई से देखने की जरूरत है। उसमें कहा है—

"But today prostitution is essentially an urban problem and the vast size of modern cities makes clandestine prostitution so easy that the licensed houses hold only a small proportion of the total number. What proportion it is impossible to say, the estimates freely made are mere guesses".

इस संबंध में एन्साइक्लोपिडिया अमेरिका ने तो कमाल कर दिया है जिसमें कहा गया है—

"Is prostitution diminishing?" Yes and no.

"It is reported that the percentage of American males frequenting prostitutes after World War II is almost precisely the same as after World War I. But it is also said that the frequency of contact with prostitutes is reduced. The reduced frequency is accounted for at least in part by extra-marital intercourse with non-prostitutes—with 'amateurs'."

"Some 69 per cent. of the total White male population, it is reported, ultimately has some experience with prostitutes."

क्या यही हम भारत को बनाना चाहते हैं?

'सिन एण्ड साइंस' (Sin and Science) एक किताब है। उसको भी आप देखें उसमें क्या लिखा है—

95 per cent American soldiers are susceptible to syphillis and gonorrhea.

ये सारी समझने की बातें हैं और इन पर गहराई से सोचने की जरूरत है। सभापति महोदया, हम तो चाहेंगे कि इस की अहमियत को देखते हुए हमें इस पर बहुत गहराई से सोचना चाहिए। हमारी सरकार ने जिस प्रकार से नैतिकता की दिशा में कदम बढ़ाया है और चार वर्षों में देश से मद्यपान को निष्कासित करने की जरूरत को समझा है उसी तरह से हमें इस दिशा में भी तेजी से बढ़ने की जरूरत है। इस काम को हम अच्छी तरह से प्रवर समिति में ला कर ही और गहराई से विचार कर ही कर सकेंगे।

सभापति महोदया, हमारे भूतपूर्व कानून मंत्री श्री गोखले ने यह कहा था कि—

Harsh economic realities are the cause of prostitution.

केवल कानून बना देने से ही यह नहीं होगा। मैं भी मानता हूं कि यह बात ठीक है। यह एक आर्थिक समस्या भी है। इस संबंध में श्री एन० डी० राज ने कहा था—

Laws cannot eradicate prostitution.

हमें इन सब बातों को समझना चाहिए और समझ कर ही इस दिशा में पग उठाने चाहिएं। इसके उन्मूलन के लिए जितनी गहराई से विचार होना चाहिए वह नहीं हो रहा है इस संबंध में डा० के० सी० कंधारी ने कहा था—

There is inter-connection between prostitution and venereal diseases.

अगर हम आज देश में इस वेश्यावृत्ति को नहीं रोकेंगे तो एक दिन समूचा देश वी० डी० का अस्पताल बन जाएगा। इसलिए यह बहुत आवश्यक है। डी० आई० जी० पाण्डे ने कहा है—

Social protest only way to eradicate prostitution.

सोशल प्रोटेस्ट आजकल नहीं है। गांवों में तो सोशल प्रोटेस्ट है लेकिन यहां नहीं है। इसी से ब्रिज आफ होम टाइज भी हो रहा है। हम को सोचना होगा कि कैसे हम सोशल प्रोटेस्ट को डवलप कर सकते हैं।

इसलिए मैं आप से निवेदन करूंगा कि ये सारे कारण हैं जिनकी हमें जानकारी होनी चाहिए। गरीबी और बेरोजगारी का एक कारण है, सामाजिक परिस्थिति सरा कारण है। धार्मिक कारण अलग है। मैं तो यह भी कहना चाहता हूं कि एक पत्नी के जीवित

[डा० रामजी सिंह]

रहते हुए दूसरी पत्नी को रखना भी वेश्यावृत्ति है। इस बात पर भी क्रांतिकारी ढंग से सोचने की जरूरत है।

एक बात इस संबंध में मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आज जो हमारे आपस के संबंध टूटने हैं, शहरों में जो सूनापन होता है वह भी इसके कारण होता है। इसलिए इस बात को करने के लिए हमें बहुत गहराई से सोचना होगा और इसके उपाय भी सोचने होंगे। इस बुराई को मिटाने के लिए हमें आर्थिक उपाय करना होगा। क्या केवल कानून बना देने से ही इसे हम कर सकते हैं?

इसलिए मैं अपनी ओर से और सदन की ओर से शिक्षा मंत्री जी से कहूंगा कि इस पर जल्दीबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है। कोई आसमान नहीं टूट रहा है, कोई विदेशी आक्रमण नहीं हो रहा है। मैं उन से आग्रह करूंगा कि सारे सदन की भावना को ध्यान में रखते हुए और इस विधेयक की अहमियत को देखते हुए इसे प्रवर समिति को भेजा जाए। हमारे शिक्षा मंत्र जी स्वयं सात्विक व्यक्ति हैं, हमारे प्रधान मंत्री जी भी सात्विक व्यक्ति हैं। मुझे आशा है कि वे हमारे आग्रह को मानेंगे और इसको प्रवर समिति में ले जायेंगे। मैं सुझाव देना चाहता हूं कि इसको एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाए जहां पर इस समस्या के सभी पहलुओं पर गम्भीर सोच विचार हो सके और फिर इसको सदन में रखा जा सके। अभी त्यागी जी ने कहा है कि यह एक कचरा विधेयक है। इसको समग्रता प्रदान करने की जरूरत है। जनता पार्टी सात्विकता की राजनीति पर खड़ी है। देश को सात्विकता प्रदान करने के लिए वह कृत संकल्प भी है। इस वास्ते यह बहुत जरूरी है कि इसको प्रवर समिति के सुपुर्द किया जाए, यही मेरा अंतिम आग्रह मंत्री महोदय से है।

SHRIMATI BIBHA GHOSH GOSWAMI (Nabadwip): I will speak in my mother tongue—Bengali.

*The Government of India had introduced a Bill to prevent trafficking in women in 1956 and it was enforced in the year 1958. Since then nearly 20 years have passed but according to official and non-official reports the problem of prostitution practised openly or secretly has not abated in any way. In fact there has been deterioration in the situation. During the 30 years of Congress rule not only the economic condition of our country deteriorated but there was a steep fall in social and moral values too. The status of women in the society is the yard stick to assess the prevailing economic condition in a society. The progress of the society is determined by the rights and the status enjoyed by the women folk in that socity. It is indeed matter of deep regret that during the 31 years after the independence of the country the prestige and status of women in India far from being elevated has been going down steadly. Mr. Chairman Sir, I would like to substantiate my point by quoting a few lines from page 94 of the Report of the Committee of Status of Women who had gone into the matter in detail. The Committee had observed and I quote:

"Prostitution represents the exploitation of the poor by the rich and of women by men. If women have really to reach the level of equality with men, society should be in a position to ensure economic, social and psychological security for the traditionally exploited women folk. Prostitution is the worst form of women's exploitation and inequality."

"What must be emphasised is the growing commercialization in the exploitation of women and girls. While the urbanization process and industrialisation with its accompanying evils, particularly socio-economic insecurity, poor living conditions, etc., are important forces for the increase of prostitution in recent years, this profession like any other, operates on a commercial basis according to the law of demand and supply. The growing incidence of prostitution in metropolitan cities and urban areas is an indication of the growing demand on the one hand and poverty on the other. Some sociologists have emphasised the role of economic factors, such as poverty, low wages, lack of gainful employment, partial or complete unemployment are contributory factors that constrain helpless women to embrace prostitution."

*The original speech was delivered in Bengali.

Today the Government have introduced the Suppression of Immoral Traffic in Women and Girls (Amendment) Bill with a view to stopping prostitution in the country. We would no doubt extend our support to this Bill but I will join other members of this House to say that the present Bill is not at all adequate. Once again I will refer to the said Report wherein it has been said, "There is a suppression of Immoral Traffic in Women and Girls Act 1956—1970. The Act aimed at the suppression of commercialised vice and not at the penalisation of the individual prostitute, or prostitution itself."

I would like to say as has already been said by Dr. Ramji Singh that in India attempts are only being made to suppress the problem of commercial vice but I must say to emphasise that it is not at all sufficient to meet the great menace. So long even one women of our country is forced to take to prostitution—whatever be the reason for the same—be it poverty or unemployment it would be the greatest stigma on the women folk and a matter of great shame for men, and we all have to hang our heads in shame as long as the evil continues in our country. The Constitution of India provides for equal rights for women and the Parliament has also passed some legislation to establish the rights of women legally. But despite all these efforts there has been no real improvement in the status of women of our country. We may pass a legislation but it will remain a piece of paper or a few dead letters on the Statute Book, if the prevailing social conditions are not conductive to its successful implementation. This is what has exactly happend in India. Mention has already been made about the necessity of liberating the women who have become victims of immoral traffic. The problem is to rehabilitate them in social life, to give them proper treatment, offer them vocation and above all to rehabilitate them and bestow upon them the pride and prestige of a family life. But under the social structure of our country, I am afraid, it will not be possible to achieve these objectives. A little while ago Dr. Ramji Singh was referring to the social set-up in Soviet Union. It is known to all that in all the class, societies, that is, in all capitalist countries of the world like America, Britain, France, Italy etc. the evil of prostitution not only exists but it is thriving day by day. As contrasting to this in all the Socialist countries the evil has been eradicated completely. In fact, 1/3rd area of the world (under socialist rule) prostitution does not exist. It is but natural therefore that the women of the capitalist countries are eagerly awaiting to see when socialism will usher in their country because only with advent of socialism will end prostitution and the ills that go with it. In China, prostitution was in vogue for hundreds of years but with the advent of the Communist regime the evil has been eradicated completely. The practice of "Yellow Card" has gone for ever from China. Shri Vayalar Ravi and others have referred to about the age-old social tradition of prostitution prevailing in our country. From their talks it appears as if prostitution is a necessary evil and we have to put up with it. But I differ entirely with them. The Socialist countries of the world has proved that such a "Necessary evil" can also be eradicated fully and completely and if it can be done there why can't we do it in our own country. Sir, I have already said how the "Yellow Card" has disappeared from China. I would like to give a very decent example, that of Vietnam. South Vietnam has gained independence for the last 3 years and within this short period of time Vietnam have successfully ended the practice of prostitution in whole country. If we look closely to the problem and the way they were tackled then we will find that all these socialist countries were able to achieve their objective because they first eliminated the causes that compelled women and girls to take to prostitution. They are able to create equal job opportunities for women,

[Smt. Bibha Ghosh Goswami]

ensured equal status for women in society and assured full dignity for her in their own country and thereby they were able to give birth to a new society. In our country nearly 80 per cent of the population is living below the poverty line. The light of education has failed to lit up the dark remote corners of the country; and people are suffering from acute unemployment. The incidence of unemployment in the case of Indian woman is very acute and the situation is worsening day by day. According to the published figures in 1961 28 per cent of the women population of our country was engaged in gainful employment but this figure was reduced to 11.8 per cent in 1971. To put it in figures during 1971 out of a women population of 26.40 crores only 3.13 crores had jobs and the rest 23.17 crores had no jobs for them. Not only the job opportunity in our country is little or negligible for women but there is a steady fall in their status too. The mortality rate of women in India is more than that of men.

If we glance through the figures for the last 20 years we will find that the women—men ratio is also falling. As against 1000 men there are only 932 women in our country. The story is the same in the sphere of education where the progress of education for boys is more than that of the girls. The unemployment situation in rural India has assumed a frightful position. According to the available reports about unemployed women in India there were about 30 lakh women who were completely unemployed, those who were half employed numbered 1.52 crores and those who were nearly unemployed were 1.76 crores. These figures glaringly show the extent of poverty that is prevalent in our country and, where poverty is so acute, where opportunity for employment is so meagre it is but natural that traders of women flesh in the cities will take advantage of the situation and exploit the poor girls and entire them to take to prostitution. The evil of dowry continues unabated in our country. And this has given further fillip to the problem of prostitution. In fact the twin evils of dowry and prostitution are thriving side by side. Women in our country has been reduced to a commodity. She can be sold and purchased and the village labourer has to pay to buy a bride for himself. I would like to quote from the Status Committees Report to show how economic conditions are compelling the village girls to take to prostitution. The Committee has observed and I quote:

"Prostitution is the only way open to women to earn a livelihood for the family. No stigma is attached to the women if she brings wealth or income from prostitution to her natal or conjugal home. A recent study of the immoral Trafficking in women from the Purola Block of Uttarkashi, district, (U.P.) reveals that a large number of girls from the lower socio-economic communities go in for prostitution. In 1969, 45 women had entered and remained in this profession for 3 years. It was estimated that about approximately 500 families were dependent on this profession on account of extreme poverty. 60 per cent of girls from Rewain area were operating in Delhi and 77 agents were engaged in procuring women for prostitution. The causes for prostitution were the high bride price and consequent indebtedness of the couple who were forced to work as bonded labour. The girl was then compelled to earn money to free the family from this debt through prostitution. In other cases, a man from a higher caste may pay bride price and contract a marriage with one or more girls of a poor family and take her to Delhi and sell her into the trade."

"Large number of prostitutes also come from a group of women who have been deserted or abandoned by husbands and have no other source of income or employment open for them."

About Calcutta the report has said:

"According to the Commissioner of Police, Calcutta, a large number of middle class families are surviving on

income from prostitution, in the absence of alternative avenues of income. A number of these women are educated and quite a few are even graduates." I am remained of what an old prostitute of Uttarkashi had said to the group surveying problem of prostitution. In fact this issue was raised in the House a couple of years ago. The old prostitute had said that it would be impossible to prevent the girls of landless labour familiess from taking to prositution and the only thing that can keep the young girls at home is the green blooming fields. In other words as long as the village landless do not own land or have their means of livelihood their women would always be tempted or compelled to come to the cities to take up prostitution as their vocation. If we are really serious to eradicate the evil of prostitution from our country then instead of trying to approach the problem superficially we have to search for the roots of the matter and destroy them completely. Unfortunately the present economic structure of our society is so fashioned that it creates compelling circumstances for women to take to prostitution. The situation can be remedied only when we are able to restore to the exploited and the neglected masses of our country their rightful place in the society, give them the ownership of land and a right to work. The entire economic setup of the society is to be restructured and we have to bring an end to the monopoly control over land and industry which is prevailing in our country today. When every common man of our country—the poor and the exploited—get a right to work then the lot of women folk will improve along with improvement in the condition of the general masses. (*Interruptions*) The signs of struggle by exploited masses for their own liberation are already visible. More and more women are coming forward to take part in this struggle to put forward their claims for work, for land for equal rights and for equal wages for equal work. They are struggling to create a new vista where the Indian society will lead itself, step by step towards the creation of a socialist society where every women will have right to engage in socially productive work, where the Indian women will gain a right to sacred motherhood real or potential only then commercial trafficking in women will come to an end and Indian women will breath fresh air free from bondage and will be able to lead a life beautiful and socially useful.

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

18.01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, November 22, 1978/Agrahayana 1, 1900 (Saka).

GMGIPND—M—3010 LS—4478—20- 12-78—880.